नव भारत
राष्ट्रीय चेतना का वाहक 1934 से


5 कानून नहीं समाज बदलेगा व्यवस्था


6 डॉलर के मुकाबले कमजोर होता रुपया


7 तेल कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट


11 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान नहीं जाएंगे

# बिहार मंत्रिमंडल का विस्तार

## भाजपा कोटे से 15 नेता और जदयू के खाते से 13 मंत्री बनाये गए

**पटना, 7 मई. बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया. इस अवसर पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 32 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली.**

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने विजय सिन्हा, दिलीप जायसवाल, श्रवण कुमार, निशांत कुमार और लेसी सिंह को मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में नीतीश मिश्रा समेत पांच मंत्रियों ने भी एक साथ शपथ ली। रामकृपाल यादव, नीतीश मिश्रा, दामोदर रावत, संजय सिंह टाइगर, अशोक चौधरी ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

इसके अलावा मदन सहनी, भगवान सिंह कुशवाहा, अरुण शंकर प्रसाद, संतोष कुमार सुमन,



रमा निषाद भी सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल में शामिल हुए हैं। रत्नेश सदा, कुमार शैलेंद्र, शीला कुमार, केदार प्रसाद गुप्ता, लखेंद्र कुमार रौशन ने मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली.

गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को देर रात पटना पहुंचे. उन्होंने आधी रात को कई नेताओं को कॉल किया। सबसे गौर करने वाली बात यह है कि इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए जातीय संतुलन बनाने की कोशिश की गई है, वहीं महिलाओं को भी तरजीह दी गई है. नए मंत्रिमंडल में भाजपा कोटे से 15 नेताओं को मंत्री बनाया गया, जबकि जदयू के खाते में 13 मंत्री बनाये गए। इसके अलावा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से दो नेताओं को मंत्री बनाया गया, वहीं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक-एक मंत्री बनाए गए. मंत्रिमंडल में महिलाओं को भी महत्व दिया गया है। इसके अलावा मंत्रिमंडल में बिहार के सबसे बड़े वोट बैंक माने जाने वाले अति पिछड़ा वर्ग को साधने पर विशेष जोर दिया गया है।

> महिला प्रतिनिधित्व की बात करें तो सम्राट कैबिनेट में कुल पांच महिला मंत्रियों को शामिल किया गया है। इनमें सबसे ज्यादा तीन महिला मंत्री जदयू से हैं। जदयू की ओर से जहां लेसी सिंह, श्वेता गुप्ता और शीला को मंत्री बनाया गया. वहीं, भाजपा ने रमा निषाद और श्रेयसी सिंह को मौका दिया। यदि जातीय समीकरण के दृष्टिकोण से देखा जाए, तो मंत्रिमंडल में सभी प्रमुख वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है। सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में राजपूत समाज से सर्वाधिक चार नेताओं को स्थान मिला है। संजय टाइगर, श्रेयसी सिंह, लेसी सिंह और एलजेपी (आर) से संजय सिंह। इसके अतिरिक्त भूमिहार और ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों को भी मंत्रिमंडल में शामिल कर सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की गई है।

# समृद्ध लोग सामूहिक विवाह ट्रेंड सेट करें

## आष्टा में विवाह सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति में विवाह जन्म-जन्मांतर का पवित्र बंधन है. गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रहे वर-वधुओं के लिए आने वाला समय कई जिम्मेदारियां लेकर आता है. सभी परिवारों के लिए विवाह का आयोजन आनंद और उत्सव का वातावरण निर्मित करता है.**

सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक ही मंडप में समाज के विभिन्न वर्गों के बेटे-बेटी वैवाहिक बंधन में बंधते हैं, सामूहिक चेतना का यह उत्सव फिजूल खर्ची और दिखावे पर रोक का संदेश देता है. सरकार और समाज ने जब से सामूहिक विवाह का बीड़ा उठाया है तब से गरीब माता-पिता ने चैन की सांस ली है. समाज के समृद्ध लोग सादगी को अपने व्यवहार में उतारे और सामूहिक विवाह सम्मेलनों में विवाह का ट्रेंड सेट करें. इससे समाज का हर वर्ग



विवाह के अनावश्यक खर्च से बचेगा और उपलब्ध संसाधनों का परिवार के भविष्य निर्माण में उपयोग किया जा सकेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि उन्होंने स्वयं भी अपने पुत्र का विवाह सामूहिक सम्मेलन में ही किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों की शिक्षा की चिंता करना और उसके लिए पर्याप्त प्रबंध करना, हर माता-पिता का दायित्व हैं.

योजना के तहत अब तक लगभग 1000 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से आर्थिक रूप से कमजोर भाई-बहनों की बेटियां भी पूरे सम्मान के साथ विदा होती हैं. समाज का कोई भी वर्ग हो, बच्चों का विवाह हर माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित 200 बेटियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान कर उनके परिजन को शुभकामनाएं दीं. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दिसंबर 2023 से अप्रैल 2026 तक 1 लाख 70 हजार 187 बेटियों के विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत कराये गए है.

# ममता मंत्रिमंडल को किया बर्खास्त

## बीजेपी की जीत के बाद राज्यपाल ने शपथ ग्रहण की प्रक्रिया शुरू की

**कोलकाता, 07 मई. 5 मई को पश्चिम बंगाल का परिणाम सामने आने के बाद टीएमसी पहली बार 15 साल की सत्ता से बाहर हो गई है. विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 294 सदस्यीय विधानसभा में 207 सीटें जीतकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की. इसके बाद हार से बौखलाई ममता बनर्जी ने अपने इस्तीफे से इनकार कर दिया.**

गुरुवार को राज्यपाल आर एन रवि ने संवैधानिक कदम उठाते हुए टीएमसी मंत्रिमंडल को भंग कर दिया और विधानसभा को भंग करने की आधिकारिक



अधिसूचना जारी की. मुख्यमंत्री का इस्तीफा न देना स्थिति को और पेचीदा बना रहा था. इसीलिए राज्यपाल को औपचारिक रूप से विधानसभा भंग करने और सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश देना पड़ा. भाजपा 9 मई को नई सरकार का गठन करेगी.

राज्यपाल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 174 की उपधारा (2) के खंड (ड़) से मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं 7 मई, 2026 से प्रभावी पश्चिम बंगाल विधानसभा को भंग करता हूँ. वहीं, पश्चिम बंगाल बीजेपी के एक प्रवक्ता ने कहा कि नई सरकार शनिवार को शपथ लेगी. पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस. वाई. कुरैशी ने कहा कि ऐसी दुर्लभ स्थिति में संवैधानिक प्रावधान राज्यपाल को मुख्यमंत्री से इस्तीफ़ा मांगने की अनुमति देता

> गुरुवार को हावड़ा के शिबपुर स्थित चौराबस्ती इलाके में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ. मौके पर भारी पुलिस बल और केंद्रीय जवान तैनात किए गए. उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी इलाके में गुरुवार सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं पर बम से हमला किया गया. दत्ता रोड पर खड़े कार्यकर्ताओं पर अचानक चार हमलावर आए और तीन देशी बम फेंककर फरार हो गए.

# गवर्नर बोले - 118 विधायकों के हस्ताक्षर लाएं



**चेन्नई/कोलकाता, 7 मई.** तमिलनाडु विधानसभा में सरकार गठन की राजनीतिक गतिशीलता तेज हो गई है। पार्टी प्रमुख और अभिनेता विजय ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से लगातार दूसरी बार मुलाकात की। राज्यपाल ने साफ किया कि सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले 118 विधायकों का समर्थन होना जरूरी है। टीवीके की वर्तमान सीट संख्या 108 है। दो सीटों पर विजय खुद विजयी हुए हैं, जिससे उनके पास कुल 107 विधायक बचेंगे। कांग्रेस के 5 विधायकों ने समर्थन दिया है, लेकिन बहुमत के लिए अभी 11 और विधायकों की जरूरत है। राज्यपाल ने स्पष्ट किया है कि स्थिर सरकार की स्थापना प्राथमिकता है। इस बीच, एआईडीएमके ने 28 विधायकों को पुडुचेरी भेजकर उन्हें किसी भी संभावित दबाव से सुरक्षित रखा है।

# मंडीदीप में नाबालिग की गला रेतकर हत्या

### आरोपी फरार मां भी हुई घायल

**मंडीदीप ,07 मई. मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में प्रेम नगर निवासी प्रदीप मारन के किराए के मकान में रहने वाली नाबालिग संजना नबली की आरोपी मनोज ने गला रेतकर हत्या कर दी।**

मंडीदीप थानाप्रभारी रंजीत सराठे ने बताया कि घटना से पहले आरोपी मनोज नाबालिग से बात करने उसके घर पहुंचा था, लेकिन युवती और उसकी मां ने उसे वहां से भगा दिया था. आरोपी दोपहर करीब ढाई से तीन बजे के बीच दोबारा घर पहुंचा. वहां विवाद बढ़ने पर उसने संजना पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी. बीच-बचाव करने आई संजना की मां संगीता भी इस हमले में घायल हो गई. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही मंडीदीप पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. पुलिस ने घायल संगीता और मृतका संजना को सिविल अस्पताल भेजा. शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस फिलहाल मामले की गहन जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश कर रही है. मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया.

# मिसाइल नहीं, प्रलय का दूसरा नाम ब्रह्मोस



### ब्रह्मोस मिसाइल से बढ़ेगी भारत की ताकत

### पाकिस्तान की नींद उड़ाएगी भारत की ब्रह्मोस


**नई दिल्ली, 07 मई.** ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त सहयोग से विकसित की गई दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में शामिल है. इसकी गति लगभग मैक 2.8 से 3 यानी आवाज की रफ्तार से करीब तीन गुना अधिक मानी जाती है. यही वजह है कि दुश्मन के लिए इसे ट्रैक करना और रोकना बेहद मुश्किल हो जाता है. रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक ब्रह्मोस की सबसे बड़ी ताकत इसकी सटीकता और कम समय में लक्ष्य भेदने की क्षमता है. यह जमीन, समुद्र और हवा तीनों प्लेटफॉर्म से लॉन्च की जा सकती है. भारतीय नौसेना के युद्धपोतों से लेकर सुखोई-30 लड़ाकू विमान तक में इसकी तैनाती की जा चुकी है. भारत लगातार ब्रह्मोस के एडवांस वर्जन विकसित कर रहा है. नई पीढ़ी की ब्रह्मोस मिसाइल पहले से हल्की, ज्यादा तेज और लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम बताई जा रही है.

### मोदी बोले- आतंकवाद किसी भी हालत में भारत को डिगा नहीं सकता

# सशस्त्र बलों के शौर्य को सलाम करता है राष्ट्र

**नई दिल्ली, 7 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर कहा कि यह अभियान आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्पष्ट और सशक्त प्रतिक्रिया का प्रतीक है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि पूरा राष्ट्र हमारे सशस्त्र बलों के शौर्य को सलाम करता है।**

मोदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हमला करने वाले आतंकियों को करारा जवाब दिया गया। इस ऑपरेशन ने केवल आतंकवादियों को परास्त नहीं किया बल्कि यह दिखाया कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की नींव कितनी मजबूत है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता और तैयारी को उजागर किया।



उन्होंने बलों के बीच समन्वय और संयुक्तता की बढ़ती शक्ति पर जोर दिया। यह अभियान यह भी दर्शाता है कि रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कितनी मजबूती दी है। मोदी ने कहा कि देश आज भी आतंकवाद और उसके समर्थक तंत्र को समाप्त करने के लिए अडिग है। उन्होंने सैनिकों के साहस, समर्पण और अनुशासन को राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पूरे देश को यह संदेश भी दिया कि आतंकवाद किसी भी हालत में भारत को डिगा नहीं सकता।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने बलों के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है.





Kia Syros
Something for Everyone

The 2026 Kia Syros fits every need of your family, effortlessly. Its tall-boy design, low floor access and spacious second row make every entry easy, while flexible interiors and ample boot space adapt to your day. Height-adjustable seating and paddle shifters enhance control, as rear ventilated seats, a panoramic sunroof and immersive displays keep everyone comfortable. With Kia Connect 2.0 and 80+ smart features, it stays seamlessly in sync with you. So, bring your family along for a test drive and see how well it fits your life.

Effortless Comfort | All-round ease




Sporty SUV Design
Dual Pane Panoramic Sunroof
2nd Row Seat Reclining & Sliding with Seat Ventilation (Seat only) and 60:40 split
Spacious Interiors with Ample Headroom, Legroom, and Boot Space
76.20 cm (30") Wide Trinity Panoramic Display Panel
Kia Connect 2.0** with Over-the-Air (OTA) Software Updates
4-Way Power Driver Seat
Harman Kardon Premium 8 Speakers Sound System

Test drive now | Call 1800 108 5000 | 093195 91407 | Visit www.kia.com | Kia Syros | Look for "Kia India" @

Terms & Conditions Apply. *Ex-showroom price all India. Segment is defined as vehicle with length between 3 990 mm – 3 999 mm and height - 1 680 mm. **Kia Connect 2.0 comes with 3 years free subscription. Kia Connect 2.0 features may vary depending on the variant, device compatibility, software and network availability in vehicle. #My Convenience Secure available with My Convenience/ My Convenience Plus at the time of sales at additional cost, covers wear and tear of selected parts only. ^3 Years standard warranty and 4 years extended warranty. ``IoT based workshops for live vehicle tracking for digital experience. °Upto 8 years extendable RSA coverage. Applicable across India except Andaman & Nicobar Islands and Lakshadweep. ˇFor more details relating to the BNCAP safety rating, please refer to the Syros BNCAP 5-Star fact Sheet at www.bncap.in/vehicle/kia-syros/. The product & feature images shown is for representation purpose only. Features and specifications as shown may not be part of standard fitment and may vary. The colors shown are subject to availability and may not be available across all variants and may differ slightly. Kia India Pvt. Ltd. (Formerly known as Kia Motors India Private Limited) reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, Kia Connect 2.0 features and other details of any model as mentioned or to discontinue any model without prior notice. For more details visit your local Kia dealership. Kia India Pvt. Ltd. urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on roads. We do not endorse vandalism or illegal activities related to road safety. Safety is a top priority, and we urge responsible behavior regarding traffic regulations and road safety.

Baderiya Kia:
Satna Tel: 07314626700 | Rewa Tel: 07314626701 | Waidhan Tel: 073-146-26702